Roll No. ..................................

# E–172

## M. A. (First Semester)
## EXAMINATION, Dec.-Jan., 2020-21

HISTORY

**(Optional—B)**

Paper Fourth

(भारतीय इतिहास में नारी—प्राचीन एवं मध्यकालीन)

*Time : Three Hours* ] [ *Maximum Marks : 80*

नोट : निर्देशानुसार सभी खण्डों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–अ प्रत्येक 1

(वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. "स्त्री मुक्ति तभी सम्भव है जब स्त्री मजदूरों की वर्ग चेतना को समृद्ध किया जाय।" यह कथन किसका है ?
2. वैदिक युगीन दो विदुषी नारियों के नाम लिखिये।
3. किस काल में स्त्रियों को पुरुषों के समान सामाजिक व धार्मिक अधिकार प्राप्त थे ?
4. पर्दा प्रथा किस काल में प्रारम्भ हुई ?
5. हिन्दू समाज का संविधान किसे माना जाता है ?

6. राजपूत काल में सोलंकी राजा विक्रमादित्य की बहन कुशल प्रशासिका थी। नाम बताइये।

7. सती प्रथा का प्रथम साक्ष्य किस शिलालेख में मिलता है ?

8. किस मुगल बादशाह ने बाल विवाह पर रोक लगाई ?

9. रामायण में किस स्त्री के सती होने का उल्लेख है ?

10. मीराबाई के गुरु कौन थे ?

11. अकबर की मुख्य धाय जिसका शासन पर भारी प्रभाव था, नाम बताइये।

12. महेन्द्र और संघमित्रा किस महान शासक के वंशज हैं ?

13. मुस्लिम परिवार व्यवस्था पर किसका प्रभाव देखा जा सकता है ?

14. कौन-सा काल नारी इतिहास का 'स्वर्ण युग' रहा है ?

15. गुप्त काल में किन स्त्रियों को गणिका कहा जाता था ?

16. मध्यकालीन भारत में सत्तारूढ़ शासन को प्रभावित करने वाली दो प्रसिद्ध महिलाओं के नाम लिखिये।

17. 'बहिना बाई' के गुरु का नाम बताइये।

18. प्राचीन भारत के दो शिक्षा केन्द्रों के नाम लिखिये।

19. आम्रपाली कौन थी ?

20. 18वीं सदी के मध्य में 'दयाबोध' एवं 'विनयमालिका' के रचनाकार का नाम लिखिये।

## खण्ड—ब

प्रत्येक 2

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर 20 शब्दों में दीजिए।

1. नारी अध्ययन की सर्वोच्चता को रेखांकित कीजिये।

2. महाकाव्य कालीन वैवाहिक व्यवस्था को समझाइये।

3. गुलबदन बेगम कौन थी ?

4. 'रजिया सुल्ताना' के बारे में आप क्या जानते हैं ?

5. राजपूत काल में नारी के प्रति अनादर के क्या कारण थे ?

6. जौहर प्रथा क्या थी ?

7. पुरालेख की व्याख्या कीजिए।

8. नूरजहाँ के बारे में आप क्या जानते हैं ?

## खण्ड—स प्रत्येक 3

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर 75 शब्दों में दीजिए।

1. गोपनीय प्रतिवेदन का वर्णन कीजिए।

2. मुस्लिम स्त्रियों के धार्मिक संस्कार क्या थे ?

3. देवदासी प्रथा क्या थी ? समझाइये।

4. समाजवादी दृष्टिकोण के आधार पर नारी की स्थिति पर प्रकाश डालिये।

5. राजपूत कालीन महिलाओं की प्रथाओं एवं अधिकारों की विवेचना कीजिए।

6. प्राचीन कालीन दक्षिण भारत में नारी की स्थिति पर प्रकाश डालिए।

7. गुप्तकालीन नारियों की स्थिति पर एक आलेख लिखिये।

8. नारी अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डालिये।

## खण्ड—द प्रत्येक 5

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।

1. भारतीय नारियों के इतिहास के प्रमुख साधनों की विवेचना कीजिए।

अथवा

उदारवादी दृष्टिकोण के आधार पर नारी की दशा पर प्रकाश डालिये।

2. वैदिक साहित्य एवं महाकाव्य में नारी चित्रण का उल्लेख कीजिए।

अथवा

प्राचीन काल में भारत में महिला शिक्षा पर प्रकाश डालिए।

3. जैन धर्म में नारियों की स्थिति पर आलेख लिखिये।

अथवा

मध्यकालीन भारत में महिला शिक्षा का वर्णन कीजिए।

4. महिला भक्त के रूप में मीरा की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

अथवा

मध्यकालीन मराठा राजनीति में महिलाओं की भूमिका का वर्णन कीजिए।